<><><><><><><><>

1. रामनवमी का उत्सव अंडमान निकोबार द्वीप समूह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे और भव्य शोभा यात्राएं निकाली गई।

2. लोक सभा में आज सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीप समूह के 12,000 डी आर एम और संविदा कर्मचारियों के नियमतिकरण पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

3. कार निकोबार की जूनियर साइक्लिस्ट नमिता वाइलट ने फिलीपीन्स में आयोजित एशियन ट्रैक साइकलिंग में रजत पदक जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया।

4. अंतर्द्वीपीय मरीजों और मृतक पार्थिव शरीर के परिवहन पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए एन टी सी सी के अध्यक्ष ने प्रशासन से मुफ्त सुविधा की मांग की।

<><><><><><><><>

राम नवमी का त्योहार आज पूरे देश के साथ–साथ द्वीप समूह में भी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। द्वीप समूह में अलग अलग स्थानों पर भगवान राम की सातवें अवतार के जन्मदिन की खुशी में मंदिरों में उनके दर्शन के लिए भक्तों की लम्बी कतारे देखी गईं। इस अवसर पर राजधानी श्री विजयपुरम में शहर के मुख्य मार्गों से होकर रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय से टेलीविजन पर अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में, भगवान राम की पूजा–अर्चना की और सूर्य तिलक के दर्शन किए। राम नवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><><>

लोकसभा में आज अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने लंबे समय से लंबित कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान लगभग 12,000 DRMs और संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण और अवशोषण की मांग की ओर आकर्षित किया, जो अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग, विद्युत विभाग, अंडमान लोक निर्माण विभाग सहित लगभग 40 विभागों में कार्यरत हैं। सांसद ने जानकारी दी कि इनमें से कई कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से विभिन्न विभागों में सतत सेवा प्रदान कर रहे हैं। कुछ मामलों में, जैसे अंडमान लोक निर्माण विभाग में DRMs को उनके लंबे कार्यकाल और प्रदान की जाने वाली अनिवार्य सेवाओं के आधार पर एक बटा तीस वेतन पैटर्न

का लाभ भी दिया गया है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि उच्च न्यायालय ने 19 फरवरी के आदेश में इस संदर्भ में दिशा निर्देश भी दिए हैं, जिन्हें निर्णय लेते समय ध्यान में रखा जाना चाहिए। श्री रे ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया कि वे इन कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आज 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट–2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' के तहत माई भारत द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने "यूनियन बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं की भूमिका" विषय पर विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अपूर्व शर्मा ने युवाओं के आत्मविश्वास और विश्लेषण क्षमता की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि रविंद्र राव ने सकारात्मक सोच और मूल्य–आधारित नेतृत्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रशासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविदों, निर्णायकों और छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण के कार निकोबार स्थित खेल प्रशिक्षण केन्द्र की जूनियर साइक्लिस्ट नमिता वॉयलेट ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के साथ–साथ द्वीप समूह का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने 25 मार्च से फिलीपींस के तागायते सिटी वेलोड्रोम में आयोजित एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। महिला जूनियर टीम स्प्रिंट स्पर्धा में नमिता वॉयलेट ने अपनी टीम के साथ रजत पदक हासिल किया। टीम ने बावन दशमलव आठ एक सात सेकंड का समय दर्ज करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस टीम में महाराष्ट्र की आभा सोमण, ए. जय ज्योत्स्ना और तमिलनाडु की थबिता एस भी शामिल रहीं। खेल अधिकारियों ने नमिता वॉयलेट और उनकी टीम को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। उनकी यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि देशभर के उभरते खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आज पांडिचेरी विश्वविद्यालय के गोल्ड मेडल प्राप्त छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2021 से 24 बैच के

विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में यूजी और पीजी के कुल 30 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह में शिक्षक, अभिभावक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्नातकोत्तर बंगाली विभाग द्वारा हाल ही में पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पूर्णेंदुकांति दास द्वारा लिखित पुस्तक 'अंडमानेर इतिकथा' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छियासी वर्ष की आयु में भी प्रोफेसर दास का लेखन के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को आगामी शैक्षणिक सत्र तक एक बंगाली पत्रिका प्रकाशित करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने प्रशासन से अंतर–द्वीपीय क्षेत्रों के मरीजों को श्री विजयपुरम और मुख्यभूमि के अस्पतालों तक मुफ्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि दूरदराज द्वीपों में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को रेफर किया जाता है, जिससे उन्हें यात्रा का खर्च स्वयं उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक मरीज और एक सहायक के लिए निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की जानी चाहिए। श्री भास्कर ने मृत मरीजों के पार्थिव शरीर को उनके घरों तक ले जाने में लगने वाले भारी खर्च का मुद्दा भी उठाया और इसे प्रशासन द्वारा वहन करने की मांग की।

<><><><><><><>

सामान्य जनता, लघु उद्योग इकाइयों, सरकारी विभागों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि बेटापुर स्थित सरकारी आरा मिल में चिरी हुई लकड़ी के भौतिक सत्यापन के कार्य के चलते 1 अप्रैल से लकड़ी एवं अन्य मिल उत्पादों की बिक्री हेतु आवेदन अस्थायी रूप से बंद रहेगी। प्रभागीय वन अधिकारी,

मध्य अंडमान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय स्टॉक के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए लिया गया है। स्टॉक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इसकी सूचना जारी कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, स्थानीय केंद्र की ओर से 29 मार्च को वीआईपी रोड स्थित श्री बाला गणेश पूजा समिति सभागार में "ध्यान, प्रेरणा और संगीत" पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 से साढ़े सात बजे तक रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्म–नियंत्रण, आत्म–प्रेरणा और आध्यात्मिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में निर्देशित ध्यान सत्र भी होगा। सभी के लिए प्रवेश निशुल्क है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, में नवम्बर/दिसम्बर 2025 की परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब यूजी आर्ट्स और साइंस कोर्स के छात्रों के लिए पुनर्मूल्यांकन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक छात्र आवेदन पत्र प्रवेश एवं परीक्षा शाखा से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल है।

<><><><><><><>